Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
APEM LIVE NEWS सच का साथी
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 03-06-2022 अंक 244
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी गई एकल संकर मक्का बीज उत्पादन की तकनीक की जानकारी

### भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकर्मा में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, 60 किसानो ने लिया भाग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान झारखंड द्वारा नाबार्ड परियोजना अंतर्गत झारखंड में गुणवत्ता युक्त प्रोटीन मक्का के एकल संकर मक्का बीज उत्पादन की तकनीक विषय पर त्रिदिवसीय युवा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया स प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 मई से 02 जून तक चला। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हजारीबाग जिले के 10 कृषक उत्पादक संगठन के कुल 60 किसानों ने भाग लेकर संकर मक्का बीज उत्पादन की तकनीकीयों को बारीकी से सीखा स इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के ओएसडी, ड० विशाल नाथ ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान झारखंड के बारे में बताते हुए किसानों को इस संस्थान से ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया स उन्होंने किसानों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से सीखे हुए तकनीकों को अपनाने की सलाह दी स डॉ सनत कुमार महंता, प्रधान वैज्ञानिक ने किसानों को मक्का के बारे में तथा उन से प्राप्त होने वाले पोषक तत्वों के बारे में किसानों को जानकारी दी तथा मक्के के चारे से पशुओं में होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में भी बताया स प्रेम प्रकाश सिंह, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, हजारीबाग द्वारा कृषि अर्थव्यवस्था में कृषक उत्पादक समूह की भूमिका पर बोलते हुए कृषकों को बताया कि अगर वे समूह में संगठित होकर किसी भी फसल की खेती करते हैं तो उसमें कम लागत के साथ-साथ ज्यादा लाभ प्राप्त होता है स डॉ प्रियरंजन कुमार, प्रधान वैज्ञानिक ने किसानों से वार्तालाप करते हुए मक्का की उपयोगिता बताते हुए सही समय पर सही किस्मों का चयन करने की सलाह दी तथा उन्हें अपने गांव के स्तर पर ही बीज उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया , जिससे की अच्छी गुणवत्ता के बीज किसानों को सही समय पर कम दामों में उपलब्ध हो सके स डॉ संतोष कुमार ने किसानों को गुणवत्ता युक्त प्रोटीन मक्का की विशेषताओं के बारे में अवगत कराते हुए बताया की गुणवत्ता युक्त प्रोटीन मक्का की जैविक मूल्य करीब-करीब दूध के बराबर होती हैस झारखंड में ग्रामीण परिदृश्य में गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों का मुख्य भोजन मक्का है स अगर वे सामान्य मक्का की अपेक्षा अगर गुणवत्ता युक्त प्रोटीन मक्का का सेवन करते हैं तो उन्हें सही पोषण मिल सकता है स इस मक्का से मुर्गियों तथा पशुओं के स्वास्थ्य में भी काफी वृद्धि होती है स किसानों को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक, डॉ फिरोज हुसैन एवं उनकी टीम द्वारा विकसित उच्च गुणवत्ता वाली प्रोटीन के साथ-साथ प्रोविटामिन युक्त मक्का के दो संकर किस्मो की विशेषता के बारे में अवगत करा कर उन्हें सामान्य मक्का की अपेक्षा इन गुणवत्ता युक्त प्रोटीन मक्का की खेती के करने के लिए प्रोत्साहित किया स ड० संतोष कुमार ने बताया कि हमारे झारखंड की मक्का की औसत उत्पादकता राष्ट्रीय औसत उत्पादकता से काफी कम है जिसका मुख्य कारण सही किस्मों का सही समय पर उपलब्ध ना हो पाना है स उन्होंने किसानों को संकर मक्का बीज उत्पादन की तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा उन्हें बीज उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया स उन्होंने किसानों को मक्का की वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की भी जानकारी दी, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करके लाभ प्राप्त किया जा सकेस उन्होंने मक्का में लगने वाले प्रमुख कीट फ०ल आर्मीवर्म एवं उनके प्रबंधन के बारे में भी विशेष रुप से जानकारी दी स डॉ प्रीति सिंह, वैज्ञानिक द्वारा मक्का की वैज्ञानिक पद्धति द्वारा खेती एवं बीज उत्पादन फसल में पोषण प्रबंधन, जल प्रबंधन एवं खरपतवार प्रबंधन की विशेष रूप से जानकारी दी गई स उन्होंने किसानों को सिंचाई के बाद ही यूरिया का प्रयोग करने की सलाह दी जिससे कि पौधे ज्यादा समय तक उससे पोषण प्राप्त कर सकें स इस कार्यक्रम में डॉक्टर अनीमा महतो, डॉ अशोक कुमार, डॉ पंकज सिन्हा, डॉ दीपक गुप्ता , डॉ रंजीत कुमार, डॉ मनोज चौधरी, डॉ शिल्पी करकट्टा एवं डॉ हिमानी प्रिया भी मौजूद रहे।

## जेपीएससी में चाणक्य आइएएस एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

### संस्थान में तैयारी कर रहे कुमार विनोद ने रैंक 2 हासिल कर टॉप टेन में बनाई जगह

### संस्थान से तैयारी कर रहे 60 से अधिक अभ्यर्थियों ने गाड़े सफलता के झंडे



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग। स्थानीय कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी से यूपीएससी और जेपीएससी की तैयारी कर रहे 60 से अधिक अभ्यर्थियों ने 7वीं से 10वीं जेपीएससी के आए परिणाम में सफलता का परचम लहराया है, जिसमें ट०प टेन की सूची में संस्थान के विद्यार्थी कुमार विनोद भी जगह बनाने में कामयाब रहे। सफलता में बेहतर योगदान के लिए सफल अभ्यर्थियों ने चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा व पूरे चाणक्य परिवार को धन्यवाद दिया। वहीं सफल विद्यार्थियों ने बताया कि संस्थान में विषय विशेषज्ञों के माध्यम से कक्षाएं मुहैया कराया जाना, समय समय पर उचित मार्गदर्शन और संस्थान का अनुकूल वातावरण हमसब के सफलता में काफी सहायक साबित हुआ। यूपीएससी और जेपीएससी की तैयारी के लिए विद्यार्थियों की पहली पसंद बन चुके चाणक्य आइएएस एकेडमी वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा व जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। संस्थान के सफल अभ्यर्थियों में कुमार विनोद, विवेक कुमार, सौरभ कुमार, रितिक कुमार, गौतम कुमार मोदी, मो अफताब आलम, अमन कुमार, सौरभ प्रकाश, जूही रानी, प्रियंका कुमारी, प्रदीप कुमार, प्रतिभा रानी, रविक. ांत कुमार, प्रभात कुमार, लक्ष्मण यादव, मनीष कुमार, राहुल यादव, रोहित कुमार साव, हर्ष वर्धन, निकेश कुमार, दानिश हुसैन, बिनिता कुमारी, अंकित गुप्ता, दीप्ति कुमारी, आयूष कुमार, प्रवीण कुमार, सूर्यकांत कुमार, चेतन शर्मा, मिताली शर्मा, कौशिक कुमार, रीतू रंजन कुमार, विकेश कुमार प्रजापति, विश्वजीत महतो, संजीत कुमार, मनीला, सिमरन कुमारी, दुसरूबान सिंह, गोपी कृष्ण, अमित कुमार सिंह, रामजी कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, कैसर रजा, आनंद कुमार, सतीश कुमार पाठक, संदीप पासवान, बिपिन कुमार, राजीव रंजन, सरिता कुमारी, ममता मरांडी, गौरव कुमार रॉय, नवीन कुमार, पूजा कुमारी, रंजीत सिंह सहित अन्य अभ्यर्थियों के नाम शामिल हैं।

## ऑनलाइन उपलब्ध होगी परिवार नियोजन की साधन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को एएनएम, बीटीटी और सहिया दीदी को परिवार नियोजन के लिए सुदीप सन्याल (रांची) के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षक सुदीप सन्याल ने बताया की इस प्रशिक्षण का मकसद वस्तुओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराना है, और अब जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक परिवार नियोजन के गर्भनिरोधक साधनों का खपत वा आपूर्ति की जानकारी ऑनलाइन किया जा रहा है। पहले इसका मेंटेन पेपर या रजिस्टर के माध्यम से किया जाता था लेकिन अब यह सुविधा ऑनलाइन हो गई है। प्रशिक्षण में बताया गया की परिवार नियोजन के गर्भनिरोधक साधनों की आपूर्ति वा खपत की जानकारी फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम के वे. बसाइट पर ऑनलाइन करना है। जिसके माध्यम से जिलास्तर से आपूर्ति को एक सप्ताह के अंदर उठाव करना है। इससे परिवार नियोजन साधन की मॉनिटरिंग भी आसानी होगी। जिससे खपत पर भी नजर बनायी रखी जा सकेगी।मौके पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, लिपिक पंकज कुमार, महादेव कुमार, बिनोद यादव, अस्पताल के एनएएम, बीटीटी एवं सहिया दीदी मुख्य रूप से मौजूद थे।

APEM LIVE

## युवाओं पर कैसे हावी हो रहा है मोबाइल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मोबाइल एक अत्याधुनिक मशीन है जो हमारे कठिन से कठिन काम को बहुत आसान बना देती है लेकिन देश की युवा पीढ़ी इसका उपयोग सबसे ज्यादा करती है। समय पास करने के लिए वर्तमान के युवा पीढ़ी न जाने सोशल मीडिया पर घंटो क्या ढूंढ़ते रहते है और अपना समय यूं ही बरबाद कर देते है। और यह वह जानबूझकर नही करते है उस मोबाइल ने ऐसी आदत डाल दी है उस मोबाइल पर आने वाले प्रचार मोबाइल कंपनी वाले इस तरह की चीजे बनाते है जो व्यक्ति को आकर्षित करती है। जिससे वह अपना समय ज्यादा से ज्यादा मोबाइल चलाने में बिताते है। मोबाइल चलाने से ना ही दिमाग का क्षमता बढ़ता है और ना ही हमारे शरीर की क्षमता बढ़ती है। अगर युवाओं को इस बीमारी से दूर होना है तो व्यक्ति को खुद को इसके लिए आगे बढ़ना होगा किसी भी चीज का उपयोग उतना ही किया जाए जितना उसका उपयोग हैं। जरूरत से ज्यादा उपयोग हमारे लिए हानिकारक होता है।

**क्या है इसका दुष्प्रभाव**

इससे छात्रों के मानसिक विकास पर बुरा असर पड़ रहा है और यादाश्त भी कमजोर पड़ रही है।कई बार इसके दुष्परिणाम भी सामने आते है। कभी बच्चो को बहलाने के लिए तो कभी उनकी जिद्द के कारण अभिभावक उन्हें अपना मोबाइल थमा देते है, आज कल तो स्मार्टफोन बच्चो का खिलौना बन गया है, मगर क्या आप जानते है की मोबाइल आपके बच्चे के दिमाग को कमजोर बना सकता है।

APEM LIVE

दिनांक: 03-06-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज संo: 02

## हजारीबाग बरकट्ठा भाग 8 की जीप प्रत्याशी कुमकुम देवी ने तोड़ा पूरे झारखंड का रिकॉर्ड निकटतम प्रतिद्वंदी को प्राप्त कुल मतों का 2 गुना से अधिक मत का बढ़त बनाकर किया जीत दर्ज

### कोरोना काल में जब लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाते थे तब लोगों के बीच इनका रहना सामाजिक दायित्व का निर्वहन में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना बना बड़े जीत का आधार





**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रवि सिंह**

त्रिस्तरीय चुनाव में मतगणना का कार्य पूर्ण हो गया। हजारीबाग में मतगणना में कई चौकानेवाले रिजल्ट सामने आए। उसमें सबसे बड़ा रिकॉर्ड मतों से जीत की संख्या में बढ़ोतरी का रहा जो जिला परिषद सदस्य बरकट्ठा भाग 8 की प्रत्याशी रही कुमकुम देवी के खाते में गया। कुमकुम देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी के प्राप्त मतों से भी 2 गुना से अधिक मत की बढ़त बनाकर आश्चर्यजनक रिकoर्ड कायम किया है। इस बड़ी जीत के बाद अब जिप अध्यक्ष के पद की दावेदारी का लगभग हकदार बन गई है। अध्यक्ष पद के दावेदारी के लिए होड़ शुरू हो गई है जिसमें कुमकुम देवी भी शामिल हो गई है। कहा जा रहा है कि कुमकुम देवी को पिछले कार्यकाल में लोगों के हित में किए गए कार्य और सामाजिक दायित्व का इमानदारी पूर्वक निर्वहन का फल मिला है।

हजारीबाग जिले के बरकट्ठा भाग आठ के जिप सदस्य प्रत्याशी कुमकुम देवी जीत के मामले में झारखंड में रिकoर्ड बनाया है। जिप सदस्य के चुनाव में सबसे अधिक वोट लाने वालों में कुमकुम का नाम जुड़ गया है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी नीतू यादव को हराकर जीत हासिल की है। कुमकुम देवी 12 हजार 945 वोट से जीत हासिल किया। जबकि इनके प्रतिद्वंदी नीतू यादव महज 6 हजार वोट ला सकी। सबसे अहम बात यह है कि चुनाव खर्च के मामले में भी कुमकुम ने रिकॉर्ड बनाया है। उनका टोटल खर्च महज दो लाख के करीब है। जबकि जिला परिषद चुनाव में प्रत्याशी लाखों रुपए खर्च कर देते हैं। कुमकुम देवी का कहना है कि उन्होंने बैनर पोस्टर और क्षेत्र भ्रमण में वाहनों में डीजल और पेट्रोल में होने वाले खर्च से अधिक कुछ भी नहीं किया। कुमकुम को कोरोना काल में किए गए कार्य का फायदा मिला है। इस काल में जब लोग दहशत के साए में जी रहे थे। अपने घरों से नहीं निकल रहे थे। एक दूसरे के करीब नहीं जा रहे थे तब कुमकुम देवी लगातार घर से बाहर रहे लोगों के बीच रहीं अपनी जान का प्रवाह नहीं की। कुमकुम कभी घर में नहीं रही। कोरोना मरीजों की सेवा, उनका देखभाल, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना मुख्य कार्य रहा। कुमकुम ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली , गरीबों की सेवा उनका मुख्य कर्तव्य है। कुमकुम 2015 में पहली बार 17 सौ वोट से जीती थी। 2010 में भी जिप सदस्य के रूप में नामांकन बरकट्ठा क्षेत्र से कराया था। शिक्षा के क्षेत्र में कुमकुम आगे हैं , डबल एम ए किया है। कुमकुम कहती है कि महिलाओं को शिक्षित होना बहुत जरूरी है। एक महिला शिक्षित होगी तो पूरा परिवार शिक्षित होगा। वे गरीबों के सुख दुख में आगे बढ़कर मदद करती रही हैं। मृदुभाषी के रूप में अपने क्षेत्र में कुमकुम पह. चानी जाती है। जिला परिषद के रिकoर्ड जीत हासिल करने के बाद शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। अब अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल कुमकुम देवी के सिर में जीत का सेहरा बंधता है उसकी तस्वीर कैसी होती है लोगों को इसका भी इंतजार है।

## महुआ ( डोरहा ) चुनने गई महिलाओं के ऊपर गिरा पेड़ दो घायल, एक रेफर

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव में महुआ का पेड़ गिरने से जिरिया खातून पति स्व लटन मियां एवं सनफुलवा देवी पति लटन यादव घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो महिला प्रत्येक दिन सुबह चार बजे महुआ (डोरहा) चुनने जाया करती थी। प्रत्येक दिन की तरह आज भी दोनो महिलाएं डोरहा चुनने गई थी। जहां महुआ का पेड़ अचानक डोरहा चुनने गई महिलाओं के ऊपर गिर गया। जिससे जीरिया खातून का हाथ टूट गया और सनफुलवा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों के सहयोग से दोनो महिलाओं को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से जिरिया देवी को प्राथ. मिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया वहीं सनफुलवा देवी को गंभीर चोट होने के कारण उसे गंभीरवस्था में सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## पीडीएस लाभुकों को निर्धारित राशन दें डीलर : बीडीओ

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सी आर इंदवार ने सभी डीलरो के साथ बैठक की। वहीं उन्होंने सभी जन वितर्क प्रणाली के डीलरो को संबोधित करते हुए कहा की भ्रमण के दौरान मुझे ऐसी शिकायते मिली है की प्रत्येक व्यक्ति के राशन से अनाज का कटौती किया जाता है। इस प्रकार की शिकायते मुझे दोबारा नही मिलनी चाहिए अगर इस प्रकार की शिकायतें आगे से मुझे मिलती है तो बर्दास्त नही किया जायेगा। जितना राशन का लाभुक को सरकार आवंटित करती है उसे उतना मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि समय पर दुकान खोलें और बंद करे ताकि लाभुकों को राशन लेने में परेशानी नहीं हो। मौके पर एम ओ आजाद सिंह, बीसीओ संजय यादव, डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पांडेय, अर्जुन साव, अर्जुन रविदास, लखन यादव, मनोज यादव, रामदेव यादव, बंटी ठाकुर, किशोर ठाकुर, छोटी ठाकुर, सीताराम चंद्रवंशी, कमलशंकर पंडित, हरी गुप्ता सहित दर्जनों अन्य डीलर मौजूद थे।

## उपायुक्त द्वारा ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर लिया गया वस्तुस्थिति का जायजा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा आज दिनांक 03.06. 2022 को गिरिडीह प्रखंड कार्यालय स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था संबंधी जानकारी लेते हुए सभी वेयर हाउस गेट पर लगाए गए सील की जांच की। उन्होंने कहा कि आवश्यक है कि सुरक्षा सम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एक्सटिंगशर, सीसीटीवी आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी ली गयी एवं इस दौरान सील आदि की स्थिति का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने सं. बंधित पदाधिकारीयों को निदेशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों का पूर्ण रूप से अनुपालन किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, अग्निशामक गिरिडीह, सुरक्षा गार्ड, व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉo अनिल कुमार

दिनांक: 03-06-2022

सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## बिना किसी ट्रांजेक्शन के पारा शिक्षक के खाते से खाली हुऐ हज़ारों रुपए

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



| तारीख Date | विवरण Particulars | चेक संख्या Cheque No. | निकासी राशि Amt. Withdrawn | जमा राशि Amt. Deposited | शेष Balance |
|---|---|---|---|---|---|
| | B/F Bal Ac.No: 48481011 0000130 | | | | 17,004.75Cr |
| 30-05-2022 | 215010498042//WDL/ IB | | 10,000.00 | | 7,004.75 |
| 30-05-2022 | UPI/215076207134/DR/BR | | 6,500.00 | | 504.75 |
| 30-05-2022 | NEFT/SBIN422150814166/ | | | 2,000.00 | 2,504.75 |
| 30-05-2022 | UPI/215026815485/CR/SU | | | 1,400.00 | 3,904.75 |
| 30-05-2022 | UPI/215040174560/CR/SU | | | 1,300.00 | 5,204.75 |
| 31-05-2022 | UPI/215127802062/CR/MR | | | 2,000.00 | 7,204.75 |
| 31-05-2022 | PM KISAN RANCHI | | | 2,000.00 | 9,204.75 |
| 31-05-2022 | UPI/215187273849/CR/DE | | | 300.00 | 9,504.75 |
| 31-05-2022 | UPI/215126256402/CR/RA | | | 300.00 | 9,804.75 |
| 31-05-2022 | UPI/215140835006/CR/SU | | | 300.00 | 10,104.75 |
| 01-06-2022 | UPI/215262345482/DR/KA | | 300.00 | | 9,804.75 |
| | UPI/215200581008/DR/Ji | | 300.00 | | 9,504.75 |
| 01-06-2022 | UPI/215271480750/CR/AS | | | 1,000.00 | 10,504.75 |
| 01-06-2022 | 215217751627//AEPSMINI | | 3.84 | | 10,500.91 |
| 01-06-2022 | UPI/215237051364/DR/AB | | 800.00 | | 9,700.91 |
| 01-06-2022 | 215217791318//AEPSMINI | | 3.84 | | 9,697.07 |
| 01-06-2022 | NEFT/AXISP00292682459/ | | | 2,463.00 | 12,160.07 |
| 02-06-2022 | UPI/215391743790/CR/VI | | | 2,000.00 | 14,160.07 |
| 02-06-2022 | 215313097102//WDL/ PM | | 7,200.00 | | 6,960.07 |

चौपारण : बिना किसी ट्रांजेक्शन के प्रखण्ड के एक पारा शिक्षक के सेविंग एकाउंट से हज़ारों रुपए खाली हो गया। इसकी जानकारी तब हुआ जब मोबाईल पर बैलेंस कटने का मैसेज आया। जिसके बाद घर मे आराम कर रहे पारा शिक्षक भागे भागे बैंक पहुंचे और बैंक में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिना किसी ट्रांजेक्शन के मेरे खाते से 7200 रुपए का निकासी हो गया है। और मेरे खाते से बैलेंस कट गया है। इस पर बैंक के शाखा प्रबंधक ने खाता चेक कर बताया कि किसी बीसी सेंटर से पैसे की निकासी हुई है। पीड़ित पारा शिक्षक ने बताया कि मेरे द्वारा किसी भी बीसी सेंटर में थंब से निकासी नहीं की गई है।इसके बाद शाखा प्रबन्धक ने पीड़ित पारा शिक्षक को थाना में शिकायत दर्ज करवाने को कहा। आगे शाखा प्रबंधक ने कहा कि किस बीसी सेंटर से निकासी हुई है यह पता करने में तीन से चार दिनों का समय लगेगा। बतादें कि पीड़ित पारा शिक्षक सुरेश कुमार दांगी प्राथमिक विद्यालय नीमा में कार्यरत हैं। और उनका खाता बैंक ऑफ इंडिया दादपुर के शाखा में है

## भाजपा कार्यालय चतरा का उद्घाटन 5 जून को

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी रु-भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री जेपी नड्डा जी द्वारा रांची से होगा अ०नलाइन उद्घाटन'..चतरा भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला के नवनिर्मित भब्य जिला कार्यालय का उद्घाटन दिनांक – 05. 06.2022. दिन –रविवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री जेपी नड्डा जी द्वाराऑनलाइन किया जाएगा! उद्घाटन कार्यक्रम में माननीय सांसद चतरा,माननीय विधायक सिमरिया,पूर्व विधायक व जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहेंगे! अतः भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला भाजपा परिवार से सादर अनुरोध है कि भाजपा कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के पुनीत अवसर पर उपस्थित होने का कष्ट करेंगे। साथ ही भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला के सभी सम्मानित मंडल अध्यक्षगण से अनुरोध है कि अपने मंडल अंतर्गत निवास करने वाले जनसंघ काल के नेता,कार्यकर्ता के घर जाकर उन्हें कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में आने हेतु आमंत्रित करें!

उद्घाटन का कार्यक्रम इस प्रकार है

दिनांक =05.06. 2 0 2 2

1.प्रातः 9:00 बजे से पूजा अर्चना

2. दोपहर 1:00 से प्रसाद वितरण...

3. संध्या 4:00 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री जेपी नड्डा जी द्वारा ऑनलाइन कार्यालय का उद्घाटन!

## मुखिया रंजीत कुमार ने नव दंपति को उपहार स्वरूप पौधा भेंट किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार ने जय नाथ महतो के पुत्र दिवाकर नारायण की शादी रिसेप्शन समारोह के कार्यक्रम में शामिल हुए। रंजीत ने नव बर बहू दंपति को उपहार स्वरूप पौधा देकर स्वागत किया एवं पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। मौके पर रंजीत ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए हमें पर्यावरण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। लोग अपने जन्मदिन, शादी सालगिरह समारोह या अन्य यादगार समारोह में पौधा लगाकर पर्यावरण को बचाएं । मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रवीण कुमार, दिनेश सिन्हा, प्रताप भूषण, सरोज कुमार, घनश्याम जयसवाल ,प्रदीप कुमार ,सनी कुमार, प्रकाश कुमार के अलावा कई अन्य लोग उपस्थित थे।




सुकृति टॉकीज बरही में सम्राट पृथ्वी राज चौहान का चल रहा चार चार शो

## महंत फलाहारी बाबा का वैकुंठ गमन महोत्सव का आयोजन

### भू समाधि के बाद किया गया भव्य महा भंडारा, हजारों की संख्या में बाबा के भक्त जुटे

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




बीते कई दशक से हजारीबाग, कोडरमा, चतरा जिले के अध्यात्म के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे महंत फलाहारी बाबा के भू समाधि के 13 में दिन भव्य भंडारा और महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान लगातार 11 दिनों तक अखंड रामायण और अखंड भगवत गीता का पाठ किया गया। लगभग एक दर्जन ब्राह्मण द्वारा नित्य अखंड पाठ का आयोजन किया गया । इस्कान के श्याम प्रभु तथा अन्य भक्तों द्वारा हरे राम , हरे कृष्ण कीर्तन का आयोजन हुआ। शनिवार को हवन तथा महंत फलाहारी बाबा के शुभ श्रद्धांजलि एवं आशीर्वाद के तहत भव्य महा भंडारा का आयोजन किया गया। उनके वैकुंठ लोक गमन के बाद हजारों की संख्या में उनके शिष्यों ने समारोह में हिस्सा लिया । श्री श्री जगतगुरु श्री श्री जगतगुरु रामानुजाचार्य श्रीमन नारायण श्रीनिवास आचार्य स्वामी द्वारा वैदिक मंत्रोचार और हवन पूजन का आयोजन किया गया। आचार्य बालमुकुंद पांडे, कपिल पांडे आशुतोष पांडे सहित उनके अन्य सहयोगियों द्वारा वैदिक मंत्रोचार निरंतर जारी रहा। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा के समाधि स्थल पर मत्था टेका तथा क्षेत्र में सुख शांति की कामना की । मौके पर महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने कहा कि हर युग में ईश्वर अपने देव दूत भेजते हैं। फलाहारी बाबा भी इस युग के देवदूत थे। उन्होंने लोगों को ईश्वर के प्रति भक्ति का अनूठा रूप प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि महंत फलाहारी बाबा ने जगत का बहुत भला किया है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में उनके अनुयाई सेवा में जुटे हैं। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ऐसा विरले ही होता है जैसा महंत फलाहारी बाबा ने समझ के समझ अपनी सेवा भावना को प्रस्तुत किया। पूर्व वन विभाग के अधिक. ारी वाई के सिंह मैनपूरी ,यूपी से चलकर पहुंचे तथा बाबा की समाधि को नमन किया। इस दौरान निर्मोही अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 सुख देव दास जी महाराज, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव , वन विभाग के पूर्व सी एफ वाई के सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह, एसडीओ पूनम कुजूर, भा. जपा जिला महामंत्री सुनील साहू, जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, जिला परिषद भाग 1 राकेश रंजन, भाग 2 रविशंकर अकेला, भाग 3 आरती कौशल, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहु, मुकुंद साहु व राजेंद्र चंद्रवंशी, समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, राकेश पांडेय, सियाराम सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रा. जदेव यादव, अरविंद सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य जनार्दन सिंह , हनुमंत सेवा संस्थान के आनंद चंद्रवंशी, संजय सिंह, संजय चंद्रवंशी , रामचंद्र सिंह, कुमार राहुल, विजय साहू, बिनोद सिंह, प्रेम चंद्रवंशी, काजू साहू, शिवेश सिंह सुनील शेखर, रामकुमार सिंह, देवकुमार सिंह, मयुरहंड जिप सदस्य देवेंद्र सिंह, धनखेरी मुखिया प्रतिनिधि संतोष चंद्रवंशी समेत हजारों की संख्या में लोग मौजुद थे।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार